वन प्रबंधन आधुनिक तकनीक से जुड़ेगा वनकर्मियों की होगी नई भर्ती : डॉ. यादव

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में वन प्रबंधन को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जाएगा। वन विभाग में रिक्त पदों को भरने के लिए नई भर्ती की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जंगल, वन संपदा और वन्यप्राणियों की सुरक्षा में वनकर्मियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीय वन प्रबंधन संस्थान में आयोजित अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री ने पदोन्नत वन अधिकारियों और कर्मचारियों को स्टार लगाए। उन्होंने कहा कि पदोन्नति शासकीय सेवक के काम के प्रति लगन और समर्पण का सम्मान है। वन विभाग के कुल 4506 अधिकारी-कर्मचारियों को पदोन्नति दी गई है। इनमें 188 सहायक वन संरक्षक, 2821 वनपाल, 761 उप वन क्षेत्रपाल और अन्य संवर्ग के 736 कर्मचारी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने वन विभाग के मैदानी कर्मचारियों को 'प्रकृति पुत्र' और 'हरित सैनिक' बताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से मध्यप्रदेश वन एवं वन्यजीव संरक्षण में देश का आदर्श बना है। प्रदेश को बाघ, तेंदुआ, घड़ियाल, गिद्ध और चीता राज्य का गौरव प्राप्त है। उन्होंने बताया कि वन विभाग के लिए 25 हजार 389 पद स्वीकृत हैं और 18 हजार से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। पदोन्नति के बाद खाली हुए पदों को नई भर्ती से भरा जाएगा। प्रमुख सचिव वन राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि वन संरक्षण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी, आधुनिक तकनीक और नवाचारों का उपयोग किया जा रहा है। इस वर्ष प्रदेश में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 5 करोड़ 62 लाख से अधिक पौधे रोपे जा चुके हैं।

किसानों को सुविधा-संपन्न बनाना लक्ष्य

नप्र, भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों के खेत-खलिहानों और घर-आंगन में समृद्धि लाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। किसानों को आधुनिक तकनीक का लाभ दिलाने और उनकी आय बढ़ाने के लिए सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। मुख्यमंत्री सोमवार को मुख्यमंत्री निवास से दतिया में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रदेश में 104 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उत्पादन हुआ है। आने वाले समय में गेहूं 2700 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। दतिया में धान की उत्पादकता भी 32 से बढ़कर 36 क्विंटल प्रति हेक्टेयर हुई है। किसानों को गेहूं और चने की फसल के लिए दिन में भी बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

स्वास्थ्य सेवाओं का मैनपावर मजबूत करना सर्वोच्च प्राथमिकता : शुक्ल

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सोमवार को मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में बालाघाट जिले में चिकित्सकीय और सहायक चिकित्सकीय मैनपावर को सर्वोच्च प्राथमिकता से मजबूत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि संवेदनशील और आवश्यकता वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। श्री शुक्ल ने अधिकारियों से चिकित्सकों, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए रिक्त पदों पर पदस्थापना और भर्ती की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने को कहा। उन्होंने आईपीएचएस-12 के तहत स्वीकृत पदों पर नियुक्ति संबंधी कार्रवाई प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों की कार्यक्षमता की नियमित जांच और उनके रखरखाव पर भी जोर दिया गया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खराब उपकरणों की समय पर मरम्मत कराई जाए, ताकि मरीजों को जांच और उपचार की सुविधाएं निर्बाध मिल सकें। बैठक में प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह, आयुक्त स्वास्थ्य धनराजू एस, अपर संचालक स्वास्थ्य मनोज सरियाम सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

अंतरिक्ष विज्ञान का लक्ष्य समाज के बेहतर भविष्य का निर्माण :त्रिवेदी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर मेपकॉस्ट में 'विकसित भारत की ओर : नवाचार, सहयोग और वैश्विक अंतरिक्ष नेतृत्व' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।

इस दौरान इसरो के वैज्ञानिक स्वप्निल त्रिवेदी ने भारत की अंतरिक्ष यात्रा, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि आर्यभट्ट से गगनयान तक भारत ने उपग्रह निर्माण, प्रक्षेपण यान, पृथ्वी अवलोकन और चंद्र-सौर मिशनों में उल्लेखनीय क्षमता विकसित की है। चंद्रयान-3 के वैज्ञानिक निष्कर्षों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि मिशन के उपकरणों ने चंद्रमा की सतह पर सल्फर सहित विभिन्न तत्वों और वहां के प्लाज्मा तथा भूकंपीय वातावरण का अध्ययन किया। यह मिशन केवल चंद्रमा पर उतरने तक सीमित नहीं था, बल्कि वैज्ञानिक अनुसंधान पर केंद्रित था। गगनयान मिशन के संबंध में त्रिवेदी ने कहा कि मानव जीवन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। क्रू मॉड्यूल, जीवन समर्थन, क्रू एस्केप, पैराशूट और तापीय सुरक्षा प्रणालियों के परीक्षण किए जा रहे हैं। भारत शुक्र और मंगल मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, अंतरिक्ष डॉकिंग और सर्विसिंग जैसी योजनाओं पर भी आगे बढ़ रहा है। 'अंतरिक्ष और हमारा भोपाल' विषय पर उन्होंने बताया कि उपग्रह तकनीक से भोपाल की ऊपरी झील, हरियाली, शहरी विस्तार और भू-उपयोग में बदलाव का अध्ययन किया जा सकता है।

भारत में अदृश्य रहेगा चंद्र ग्रहण रक्षाबंधन पर नहीं होगा प्रभाव

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः आगामी 28 अगस्त को होने वाला आंशिक चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। राजा भोज ज्योतिष पीठ के अध्यक्ष डॉ. विनीत तिवारी के अनुसार ग्रहण भारतीय आकाश में दिखाई नहीं देने के कारण यहां शास्त्रीय दृष्टि से सूतक काल मान्य नहीं होगा और रक्षाबंधन का पर्व ग्रहण के प्रभाव से मुक्त रहेगा।

▶▶ 28 अगस्त को आंशिक ग्रहण, विशेषज्ञ के अनुसार भारत में सूतक काल मान्य नहीं; सुबह 9:48 बजे तक राखी बांधना श्रेष्ठ

डॉ. तिवारी ने बताया कि श्रावण शुक्ल पूर्णिमा 28 अगस्त को है। भारतीय मानक समय के अनुसार ग्रहण का उपच्छाया चरण सुबह 6:55 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक रहेगा। आंशिक ग्रहण सुबह 8:04 से 11:21 बजे तक होगा और इसका अधिकतम प्रभाव सुबह 9:43 बजे रहेगा। इस दौरान चंद्रमा का 93 से 96 प्रतिशत भाग पृथ्वी की प्रच्छाया में रहेगा।

उन्होंने बताया कि ग्रहण के समय भारत में चंद्रमा क्षितिज के नीचे रहेगा, इसलिए यह दिखाई नहीं देगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार अदृश्य ग्रहण का सूतक और संबंधित निषेध लागू नहीं होते। मंदिर खुले रहेंगे तथा पूजा-पाठ और शुभ कार्य किए जा सकेंगे। रक्षाबंधन के दिन पूर्णिमा तिथि सुबह 9:48 बजे तक रहेगी। भद्रा सूर्योदय से पहले समाप्त हो जाएगी। इसलिए सुबह 5:57 से 9:48 बजे तक राखी बांधना शुभ रहेगा। विशेष रूप से सुबह 7:33 से 9:09 बजे तक लाभ की चौघड़िया और इसके बाद अमृत की चौघड़िया रहेगी। डॉ. तिवारी ने कहा कि भारत में पर्व मनाने में कोई बाधा नहीं है।

121 किमी की कांवड़ यात्रा बांदकपुर पहुंची

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः पंचवटी धाम, भेड़ाघाट से शुरू हुई 121 किलोमीटर लंबी पांच दिवसीय कांवड़ यात्रा देव श्री जागेश्वर नाथ धाम, बांदकपुर पहुंची।

यहां मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, उनके अनुज नीतेन्द्र सिंह और यात्रा के नेतृत्वकर्ता सत्येंद्र सिंह ने परिवार के सदस्यों तथा हजारों कांवड़ियों के साथ मां नर्मदा के जल से भगवान जागेश्वरनाथ का जलाभिषेक किया। कांवड़ यात्रा पांच प्रमुख संकल्पों शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, गौ संरक्षण और स्वच्छता को केंद्र में रखकर आयोजित की गई। यात्रा के दौरान इन सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न अभियान भी चलाए गए। मार्ग में जगह-जगह कांवड़ियों का स्वागत किया गया। प्रतिदिन दोपहर में सहभोज और रात्रिकालीन विश्राम की व्यवस्था की गई।

साथ ही मेडिकल टीम सहित आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। यात्रा में हजारों कांवड़ियों के साथ विधायक, सांसद और अन्य जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि यात्रा धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सरोकारों को समर्पित रही। उन्होंने बताया कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मार्ग में आने वाली शालाओं के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य सामग्री वितरित की गई। पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया। नशामुक्ति के लिए लोगों को संकल्प दिलाया गया। वहीं गौ संरक्षण के लिए गौसेवा और स्वच्छता अभियान भी चलाए गए।

चक्काजाम और बिजली कर्मियों से मारपीट पर 60 लोगों पर एफआईआर

नप्र, भोपाल : शासकीय कार्य में बाधा डालने, बिजली कर्मचारियों से अभद्रता और मारपीट करने तथा सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध करने के मामलों में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सख्त कार्रवाई की है। राजगढ़ के ब्यावरा और मुरैना के बानमोर क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग घटनाओं में 14 नामजद सहित 50 से 60 अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। ब्यावरा ग्रामीण वितरण केंद्र के ग्राम बाईहेड़ा, बरखेड़ी और नालबंदी के उपभोक्ताओं पर बिजली बिल की बकाया राशि थी। नोटिस के बाद भी भुगतान नहीं होने पर 22 अगस्त को बिजली आपूर्ति बंद की गई थी। अगले दिन वसूली के लिए पहुंचे बिजली कर्मचारियों को ग्रामीणों ने गांव में प्रवेश से रोक दिया। इसके बाद कुछ लोगों ने एनएच-46 पर ट्रैक्टर, बोलेरो और कंटीली झाड़ियों से रास्ता रोककर चक्काजाम कर दिया। कनिष्ठ यंत्री की शिकायत पर सात नामजद सहित 50 से 60 अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। * फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com